# अगस्त तक पूरा करें पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का निर्माण : योगी

## सीएम ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के लिए नवंबर तक का समय दिया

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से गाजीपुर तक बनाए जा रहे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का निर्माण अगस्त-2021 तक और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का निर्माण इसी साल नवंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार रात पूर्वांचल, बुंदेलखंड, गोरखपुर लिंक और गंगा एक्सप्रेस-वे की समीक्षा करते हुए गंगा एक्सप्रेस-वे के लिए आवश्यक भूमि के अधिग्रहण और खरीद की कार्यवाही अक्तूबर तक पूरी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का निर्माण भी निर्धारित समय अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए।

### गंगा एक्सप्रेस-वे के लिए भूमि अधिग्रहण अक्तूबर तक पूरा करने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने कहा कि चारों एक्सप्रेस-वे से जुड़े आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न उत्पादन इकाइयों के साथ नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने की संभावना बढ़ जाएगी। इससे इससे प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ जनसुविधाओं के साथ पेट्रोल पंप, रेस्तरां स्थापित करने, एक्सप्रेस-वे पर साइनेज और रोड लाइटों की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। ब्यूरो

### 90 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हुआ

यूपीडा के सीईओ अवनीश अवस्थी ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का 90 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो गया है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का लगभग 61 प्रतिशत पूरा हो गया है और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का निर्माण भी तेजी से चल रहा है।